हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 2 फरवरी 2024
[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 20 वर्षों बाद सात वार्डों को जोड़ने वाले मार्ग के...



09 भोपाल के ऑटोमोबाइल शोरूम की करतूत...



### पोर्टल वैरीफिकेशन होने पर शुरू होगा, अभी रिक्वेस्ट भेजी

# मीनाक्षी चौक को संवारने से पहले बनेगी नाली, फिर लगेंगे पेवर ब्लॉक

मीनाक्षी चौक पर सड़क चौड़ीकरण का काम जारी है। गुमटीधारियों को 15 फिट पीछे किया गया है। अब नगर पालिका नाली और पेवर ब्लॉक लगाने डीपीआर की तैयारी कर रही है। यह कार्य करीब 2 महीने में पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदानगरी नगरी को सुंदर और सुगम यातायात के लिए संवारने की तैयारी की जा रही है जिसकी तैयारी मीनाक्षी चौक से शुरू हो गई है। मीनाक्षी चौक पर सड़क चौड़ीकरण के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरीय प्रशासन द्वारा मीनाक्षी चौराहे चौड़ीकरण एवं सौन्दर्गीकरण हेतु कंसल्टेंट द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है, जिसके अंतर्गत रोड़ निर्माण एवं नाली निर्माण एवं पेवर ब्लाक का कार्य कराया जाना है। डीपीआर तैयार होने उपरांत तकनीकी स्वीकृति हेतु कार्यपालन यंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम-भोपाल की ओर प्रस्तावित किया जाएगा। नगरीय प्रशासन विभाग की सक्षम स्वीकृति उपरांत कार्य की ऑनलाईन निविदा जारी की जाएगी। पात्र निविदाकार के चयन उपरांत अनुबंध एवं कार्यादेश की कार्यवाही होगी। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में अनुमानित 2 माह का समय लगेगा जिसके उपरांत ही पात्र निविदाकार द्वारा मीनाक्षी चौक चौड़ीकरण एवं सौन्दर्याकरण कार्य शुरू होगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि विगत दिवस जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के सहयोग से नगर पालिका प्रशासन के अतिक्रमण दल द्वारा नलकूप विभाग के बाउण्ड्रीवाल को तुड़वाकर रोड़ के समीप लगी हुई गुमठियों को 15 फिट पीछे किए जाने की कार्यवाही की गई है। सर्व प्रथम नगर पालिका प्रशासन के अतिक्रमण दल के माध्यम से सभी गुमठी धारियों को अपनी गुमठी रिक्त करने हेतु नोटिस जारी किए गए, ताकि उनकी गुमठी को रोड़ से 15 फिट पीछे की ओर शिफ्ट किया जा सके। तत्संबंध में दुकानदारों द्वारा उनकी गुमठियों का सामान व्यवस्थित करने हेतु समय चाहा गया था जिसके उपरांत प्रशासन द्वारा दुकानदारों को अपनी दुकान का सामान व्यवस्थित कर गुमठियां रिक्त करने का समय देते हुए निर्धारित समय उपरांत गुमठिधारियों-दुकानदारों द्वारा रिक्त गुमठी-दुकानों को नगर पालिका के अतिक्रमण दल द्वारा तोड़ा गया। जिन गुमठीधारियों-दुकानदारों की दुकानें तोडी गई थी उन सभी गुमठीधारियों-दुकानदारों को रोड से 15 फिट पीछे की ओर नगर पालिका प्रशासन द्वारा ले-आउट डालकर कर सभी संबंधित गुमठीधारी-दुकानदारों को अपनी गुमठी-दुकानें शिफ्ट करने हेतु जगह आवंटित की गई। जिस पर दुकानदारों अपनी दुकानें शिफ्ट की जा रही हैं। मीनाक्षी चौराहे के चौड़ीकरण हेतु गुमठी विस्थापित की प्रक्रिया के दौरान निकले मलबे को साफ करने की प्रक्रिया चालू की जाएगी।



### वैरीफिकेशन होने पर शुरू हो जाएगा, अभी रिक्वेस्ट भेजी

एक महीने के लंबे समय से बंद नगरीय प्रशासन विभाग के पोर्टल को शुरू होने में अभी भी एक से दो दिनों का इंतजार करना पड़ेगा। विभाग की ओर से अभी रिक्वेस्ट डाली गई है। वैरीफिकेशन होते ही पोर्टल शुरू हो जाएगा। पोर्टल बंद का सीधा असर वसूली पर पड़ रहा है। इसके साथ ही पोर्टल पर वर्क करने वाले कर्मी भी परेशान है। विदित हो पिछले दिनों ई-नगर पालिका का पोर्टल हैक हो गया था। जिसके बाद पूरे एक महीने से पोर्टल पर कामकाज प्रभावित है।

### कामकाज प्रभावित

वित्तीय संकट की वजह से नगरीय प्रशासन वैसे परेशानी में है। ऐसे में पोर्टल के एक महीने से बंद होने से अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों के कार्य का भुगतान रूका हुआ,योजनाएं ठप्प पड़ी हैं। नगर पालिका कामकाज पूरा प्रभावित है।

**इनका कहना है**

पोर्टल के लिए अभी रिक्वेस्ट भेजी है,वैरीफिकेशन होते एक दो दिन में शुरू हो जाएगा।

**प्रशांत जैन,** ओएस नगर पालिका

# धान खरीदी पर इस वर्ष लक्ष्य और समयावधि पर कार्य संपन्न

### पिछले वर्ष की तुलना में कम रहा मोटी धान का रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पतित पावनी मां नर्मदा के तट पर स्थित नर्मदापुरम जिला कृषि प्रधान रहा है। पूर्व की भाजपा सरकार ने नर्मदापुरम जिले को तीन बार कृषि कर्मण अवार्ड से नवाजा जा चुका है। उसी गति को आगे बढ़ाते हुए नर्मदापुरम जिला एक बार फिर धान के उत्पादन में बेहतर साबित हुआ है। इस वर्ष धान खरीदी में भी कार्य बहुत उत्कृष्ट हुआ। जिले में करीब 15382 किसानों ने 65 उपार्जन केन्द्रों पर अपनी धान की बिक्री की। जिसमें 178344 मेट्रिक टन खरीदी प्रशासन द्वारा की गई। विदित हो कि उपार्जन केन्द्रों से धान का परिवहन भी किया जा चुका है। इतना ही नहीं संबंधित करीब 90 प्रतिशत किसानों को भुगतान भी प्राप्त हो चुका है। प्रशासन द्वारा जिले में करीब ढाई लाख मैट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य रखा गया था, जो अपेक्षाकृत बेहतर रहा है। इसी तरह जिले में गत वर्ष कुल 27283 किसानों से 325301 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। नागरिक आपूर्ति एवं खाद्य विभाग की जिला अधिकारी ज्योति जैन ने बताया कि इस वर्ष धान खरीदी में जिले में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। खरीदी भंडारण, परिवहन एवं भुगतान किसानों को समय पर हुआ है।

### उन्नत धान का उत्पादन अधिक रहा

गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भी धान का उत्पादन अच्छा हुआ है। लेकिन किसानों द्वारा मोटी धान की अपेक्षा पूसा, वासमती धान अधिक लगाई गई थी जिस कारण से सरकारी खरीदी में पिछले वर्ष से कम मेट्रिक टन खरीदी हुई है। किसान का रूझान वासमती और पूसा धान प्रति एकड़ एवरेज और रेट के कारण अधिक रोपाई करते हैं।

### विदेशों में बासमती धान की पसंद

भारतीय किसान संघ के जिला मंत्री उदय पांडे ने बताया कि हमारे जिले में उत्पादित बासमती धान को विदेशों में पसंद किया जाता है। जिसकी कीमत अन्य धान से कई गुना अधिक रहती है। इसलिए मोटी धान का उत्पादन करने में अन्नदाताओं का रूझान कम रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार गत वर्ष की अपेक्षा बासमती धान का उत्पादन अन्नदाताओं द्वारा किया गया है। निश्चित ही हमारे देश के अलावा अन्य देशों के लोग भी इसे पसंद करेंगे।

जैसे पूसा वन, सी 30, पूसा पी 1, 1401 पीव्ही 6 का सर्वाधिक उत्पादन किया गया है। निश्चित ही इस बार सुगंधित धान की बिक्री विदेशों में तो होगी ही वहीं देश के लोग भी इसे पसंद करेंगे।

### उच्च शिक्षा मंत्री परमार शुक्रवार को बनखेड़ी आएंगे

नर्मदापुरम। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन इन्दर सिंह परमार शुक्रवार को जिले के बनखेड़ी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री परमार दोपहर 12:30 बजे बनखेड़ी पहुंचेंगे और यहां शासकीय महाविद्यालय का लोकार्पण करेंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री परमार दोपहर 3:30 बजे बनखेड़ी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# सीवेज पाइपलाइन के लिए उत्कर्ष सड़क को भी खोदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शहर की कई किलीमीटर की सड़कों को खोदकर ठेकेदार सीवरेज पाइप लाइन डालने का काम कर रहा है लेकिन इस काम को 31 जनवरी तक होना था मगर लेटलतीफी के कारण यह काय अटका हुआ पड़ा है। जबावदार भुवन कंपनी के अधिकारी इस कार्य को नाबालिक बच्चों की सहायता से करवा रहे है जिसका गुरूवार को वीडियों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। हालांकि नपा के जिम्मेदार इस पर कुछ बोलने को तैयार नहीं है। विदित हो कि शहर में करोड़ों की सीवरेज पाइपलाइन प्रोजेक्ट को अधिकारी और संबंधित ठेकेदार कंपनी ही बट्टा लगा रहे हैं। नियमों और तकनीकी तौर पर कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा। हालत यह है कि नाबालिकों से भी मजदूरी कराई जा रही है। हाल ही में उपनगर हाउसिंग बोर्ड में करोड़ों की उत्कर्ष सड़क को जेसीबी से खोदे जाने का मामला सामने आया है जबकि रोड को कटर से काटने का प्रावधान है। मीडिया के संज्ञान में आते ही नाबालिग मौके से गायब हो गया।बता दें कि शहर के सभी 33 वार्डों में नर्मदा प्रदूषण मुक्ति योजना के अंतर्गत अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाई जा रही है। यह काम लगभग 270 करोड़ का है और 6 माह से जारी है,लेकिन इसके बाद भी अभी तक सभी इलाकों में पाइपलाइन नहीं बिछाई जा सकती है। जेसीबी मशीन से इस तरह काम हो रहा कि पूरी सड़क की बर्बाद हो रही है। अधिकारी भी मौके पर जाकर कार्य का निरीक्षण नहीं कर रहे। इस काम को लेकर जो जिम्मेदार संस्था नगर पालिका उसके अधिकारी भी और इंजीनियर भी कभी मौके पर जाकर तकनीकी दक्षता और उसके मुताबिक कोई काम हो रहा है कि नहीं यह देखने की भी जरूरत नहीं कर रहे। बता दे की हर्षनगर में यह हाल है कि बुजुर्ग और बच्चे घरों के सामने खुद ही नाली और बर्बाद हुई सड़क पर से निकल भी नहीं पा रहे हैं। कई जगह तो बुजुर्ग गिरकर घायल हो चुके हैं। शहर के मंगलवार राजा मोहल्ला हाउसिंग बोर्ड सहित अन्य इलाकों में सीवेज पाइपलाइन बिछाने का जो कार्य चल रहा है, इससे नागरिकों में भारी आक्रोश बना हुआ है। कुछ जागरूक लोगों ने हाउसिंग बोर्ड की उत्कर्ष सड़क को गहरे गड्ढे-खाइयों के रूप में तब्दील किए जाने और यहां काम कर रहे नाबालिकों काम करते के वीडियो भी कलेक्टर को भेजे हैं। लोगों ने सीवेज पाइपलाइन ठेकेदार कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं संबंधित कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया लेकिन वह उपलब्ध नहीं हो पाए। एवं नपा के प्रभारी इंजीनियर महेन्द्र तोमर से बात करने पर उनके द्वारा काम के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। उनका कहना है कि हम सिर्फ शिकायत आने पर कंपनी को नोटिस दे सकते हैं।

### अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



पचमढ़ी एवं इटारसी क्षेत्र में अवैध शराब माफियाओं के विरुद्ध निरंतर बड़ी कार्रवाई 53 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। आरोपी दीपक युवनाती पिता दिना युवनाती निवासी नालंदा टोला, पचमढ़ी, के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम 1915 धारा 34(2) अंतर्गत प्रकरण कायम कर गिरफ्तार किया एवं इटारसी क्षेत्र में 30 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब एवं 1100 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर 4 प्रकरण कायम जप्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 1 लाख 26 हजार 600 रूपए है। अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, संग्रहण और विक्रय को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन एवं संधारण के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की गई।

# हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिला स्तरीय रोजगार दिवस पर गुरूवार को 4723 हितग्राहियों को 2413.84 लाख राशि का किया गया हितलाभ वितरण किया गया। कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, नर्मदापुरम के द्वारा जिला स्तरीय रोजगार दिवस स्थानीय शासकीय नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित किया गया हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष नगर पालिका नर्मदापुरम नीतू यादव, उपाध्यक्ष अभय वर्मा उपस्थित थे। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कैलाश माल ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजना के तहत 1 दिसंबर 2023 से दिनांक 31 जनवरी 2024 तक जिले के कुल 4723 हितग्राहियों को 2413.84 लाख राशि का हितलाभ वितरण किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत देवेन्द्र राजपूत को 25 लाख रुपए, अरविंद कुमार बामने को प्रधानमंत्री रोजगार कार्यक्रम अंतर्गत 10 लाख रुपए, संदीप चौधरी को संत रविदास स्वरोजगार योजना अंतर्गत 5.25 लाख रुपए, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना में 3 हितग्राहियों को 10-10 हजार रुपये एवं अन्य को हितलाभ वितरण किया गया।

इस अवसर पर जिला मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार दिवस का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक सेडमेप पंकज कुमार, एवं कार्यक्रम का आभार प्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र डॉ. गुंजन जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया प्राचार्य, शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, नर्मदापुरम विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, योजना के लाभार्थी एवं नव उद्यमी उपस्थित थे।

### फाइनल में नर्मदापुरम ने बैतूल को हराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित जे एल वर्मा मेमोरियल इंटर डिसिक्टिक अंडर-13 प्रतियोगिता के फाइनल मैच में नर्मदापुरम जिला ने बैतूल जिला को पहली पारी में 42 रन की बढ़त के आधार पर हराया। संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के मानसेवी सचिव अनुराग मिश्रा ने बताया कि जे एल वर्मा मेमोरियल ट्राफी अंडर-13 के फाइनल मैच में नर्मदापुरम टीम ने दूसरी इनिंग में बल्लेबाज़ी करते हुऐ 6 विकेट खोकर 169 रन पर पारी घोषित की इस तरह नर्मदापुरम टीम ने बैतूल को 212 रन का लक्ष्य दूसरी पारी में दिया,टीम की ओर से गौरव गौर ने शानदार 114 बाल पर 122 रन बनाए तथा विराट राजपूत ने 18 रन बनाए, बैतूल की ओर गेंदबाजी करते हुऐ उबेद रजा 05 विकेट विकेट लिए। दूसरी पारी में बैतूल टीम ने अपनी दूसरी पारी में अंत तक 9विकेट खोकर 82 रन बनाए।

# विप्र महिला संगठन ने निकाली भव्य चुनरी यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में गुरुवार को सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन द्वारा मां नर्मदा को अर्पित करने के लिए भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। इस चुनरी यात्रा में हजारों की संख्या में सनातनी महिलाओं सहित अनेक धार्मिक श्रद्धालु शामिल हुए। मां नर्मदा को चुनरी अर्पित करने यात्रा में संगठन के उप प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र ओझा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष भी पहुंचे। यह चुनरी यात्रा जगदीश मंदिर से शुरू होकर सेठानी घाट तक निकली। इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिला शामिल हुईं जो आकर्षण का केंद्र रहीं। मां नर्मदा को चुनरी अर्पित की गई । इसके पहले मां नर्मदा की पूजा पाठ की गई। इस मौके पर ब्राह्मण समाज महिला संगठन के पदाधिकारी सहित शहर की सामाजिक बंधु और विशिष्ट जन शामिल हुए।

### कलेक्टर ने की जिला सहकारी बैंक की वसूली समीक्षा

# वसूली 248 करोड़, वसूल पाए 37 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर मीना ने की जिला सहकारी बैंक अंतर्गत वसूली की समीक्षा नर्मदापुरम कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी बैंक ने विगत दिवस जिला सहकारी बैंक की वित्तीय स्थिति और वसूली की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैंक के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये हैं कि वसूली में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जाए। बैंक की वित्तीय स्थिति बैंक के कालातीत ऋणों की वसूली पर ही निर्भर है। अधिकारी/कर्मचारी वसूली के लिए विशेष प्रयास करें। उन्होंने कर्मचारी एवं उनके परिजनों पर बकाया राशि प्राथमिकता से वसूल करने के निर्देश दिये गये। अन्यथा कर्मचारियों पर सेवानियम अंतर्गत कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। वसूली में किसी भी प्रकार की उदासीनता बरतने पर अधिकारी/कर्मचारियों पर सेवानियमों के तहत कार्यवाही की जाएगी। उपायुक्त सहकारिता शिवम मिश्रा ने बताया कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित नर्मदापुरम द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ एवं रबी फसल ले लिए अपने कृषक सदस्यों को फसल ऋण वितरण किया जाता है। 26 जनवरी की स्थिति पर कृषक सदस्यों की ओर बकाया कालातीत ऋण 74.35 करोड़ एवं नियमित ऋण 173.62 करोड़ बकाया है।उक्त बकाया ऋणों की वसूली हेतु बैंक द्वारा मुहिम चलाई जा रही है जिसके तहत कालातीत ऋणी सदस्यों से प्रत्यक्ष सम्पर्क हेतु सम्पर्क रजिस्टर तैयार कर, प्रतिदिन संपर्क कर वसूली प्राप्त की जा रही है। दिनांक 19 नबंवर 2023 से 31 जनवरी तक कालातीत ऋणी सदस्यों से संपर्क कर 3.57 करोड़ की वसूली प्राप्त की गई है। इसी प्रकार नियमित सदस्यों से भी सतत संपर्क कर 6.74 करोड़ की वसूली प्राप्त की गई है। साथ ही धान लिंकिंग से भी 5.20 करोड़ की वसूली की गई है। इस प्रकार कुल मांग 247.97 करोड़ के विरुद्ध 36.94 करोड़ की वसूली की गई है जो मांग का 14.89 प्रतिशत है।

### वन संपदा-जीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग और पुलिस संयुक्त गश्ती करेगा

वन्य प्राणियों और वन संपदा की सुरक्षा के लिए जिले में पिछले दिनों जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई थी। जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा की गई थी। बैठक में प्रमुख रूप से वन वन क्षेत्र में अतिक्रमण, वन संपदा और वन्य प्राणियों की सुरक्षा तथा फॉरेस्ट में बिजली ट्रिपिंग की समस्या के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई थी। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स को प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए वन विभाग, पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निचले स्तर पर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिये थे। साथ ही वन भूमि पर संगठित अवैध शिकार-अवैध कटाई -अतिक्रमण - उत्खनन -परिवहन के प्रभावों को संयुक्त प्रयासों से विफल करने के संबंध में निर्देशित किया गया। वनक्षेत्र में अतिक्रमण की समस्या के निराकरण और रोकथाम के लिए संयुक्त रणनीति पर बल दिया गया। कलेक्टर ने कहा था कि जिले की वन संपदा और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल एवं वन विभाग के अमले द्वारा संयुक्त रूप से गश्ती करने। साथ ही वन क्षेत्र में बिजली ट्रिपिंग की समस्या के निराकरण के लिए वन विभाग को एमपीईबी से समन्वय कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए थे। इस बैठक में एसपी डॉ गुरकरन सिंह, वनमंडलाधिकारी सामान्य नर्मदापुरम अनिल चोपड़ा, उपसंचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम संदीप फैलोज, जिला परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम, जिला खनिज अधिकारी नर्मदापुरम, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग नर्मदापुरम, उपप्रबंधक म.प्र. क्षेत्रीय विद्युत मंडल नर्मदापुरम, सहायक संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम, उपवनमंडलाधिकारी सामान्य सोहागपुर-नर्मदापुरम उपस्थित रहे।

# किसानों की समस्या समाधान के लिए राकिम संघ का आंदोलन दिल्ली में 13 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला नर्मदापुरम की बैठक कृषि उपज मंडी में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सोमनाथ तिवारी, प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा, बैठक के प्रभारी बीएम रघुवंशी, भूपेंद्र सिंह तोमर, जितेंद्र भार्गव, शिवराज राजोरिया, नितलेश मीणा, केशव फौजी की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में 13 फरवरी को दिल्ली में संयुक्त किसान मोर्चा आराजनीतिक द्वारा घेराव समस्त देश के किसान एकत्रित होकर आंदोलन में जा रहे हैं। चर्चा में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई द्वारा कलेक्टर को एक ज्ञापन दिया गया। प्रदेश की पूर्व सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के रूप में चुनाव के समय किसानों को आश्वासन दिया गया था कि 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी एवं 2700 प्रति क्विंटल गेहूं की उपज किसानों द्वारा खरीदी जाएगी।

वर्तमान सरकार चुनावी बड़ा मोदी की गारंटी को पूर्ण करने की जवाबदारी दे कृषि मित्र योजना के अंतर्गत किसानों के खेत में 50% अनुदान पर ट्रांसफार्मर लगाए जाए। ट्रिपल आर डी एस योजना के अंतर्गत जो सब स्टेशन जिले में स्वीकृत है एवं फिटर से परेशान का कार्य स्वीकृत है उनको शीघ्र पूर्ण कराया जावे ग्राम काजल खेड़ी में मानेगांव फीडर पर 63 एचपी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर गांव के ट्रांसफार्मर से पांच किसानों को हटाकर फीडर्स सेपरेशन में शिफ्ट किया जावे बनखेड़ी विकासखंड में नकली खाद बेचने वाले ग्रहों को पकड़ा गया है। इस दौरान राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री रमाकांत मीना, संगठन मंत्री भूपेन्द्र सिंह तोमर, उपाध्यक्ष विनोद चौरसिया, जिला अध्यक्ष नर्मदापुरम शिवराज राजौरिया सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से सड़क का हो रहा निर्माण कार्य

# 20 वर्षों बाद सात वार्डों को जोड़ने वाले मार्ग के निर्माण की सौगात





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की बंद हो चुके पीके वन,पीके टू खदान के बीच सात वार्डो को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण कार्य 20 वर्ष के बाद होने पर साथ वार्डों में रहने वाले लोगों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा की पीके वन और पीके टू खदान के बंद हो जाने के बाद वेकोलि प्रबंधन के माध्यम से इन सात वार्डो से गुजरने वाले मार्ग की देखरेख करना बंद कर दिया गया था।जिसकी वजह से यह मार्ग जगह से उखड़ गई थी नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के मेश्राम के अर्थक प्रयासों से सात वार्डो को जोड़ने वाले इस मार्ग का निर्माण कार्य एक करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से करने का कार्य किया गया है।यह कार्य लगभग समाप्त होने की स्थिति में उत्पन्न हो गया सड़क का निर्माण कार्य भी बेहतर तरीके से किया जा रहा है लेकिन इसकी गुणवत्ता कोर कटिंग के बाद स्पष्ट होगी लेकिन सात वार्डो को जोड़ने वाले वार्ड के सबसे बड़े मार्ग का निर्माण होने की वजह से वार्ड वासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। बताया जाता है कि महाराणा प्रताप वार्ड क्रमांक 17,संत रविदास वार्ड क्रमांक 23,लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 24,छत्रपति शिवाजी वार्ड क्रमांक 25,स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 26,डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 27 और रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड क्रमांक 28 इन सात वार्डो को जोड़ने वाले इस मार्ग का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच जाने की वजह से सात वार्डों के पार्षद और यहां के वार्ड वासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद गणेश मस्की ने बताया कि सड़क का निर्माण कार्य बेहतर किया जा रहा है लेकिन सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद इसकी कोर कटिंग करवरकर इसकी गुणवत्ता को एक बार फिर जांच करने का कार्य किया जाएगा। जिससे यह स्पष्ट हो जाएगा की सात वाडो को जोड़ने वाले इस सड़क का निर्माण नगर पालिका परिषद सारनी के वर्क आर्डर के अनुरूप हुआ है या नहीं। उन्होंने बताया कि सड़क का निर्माण होने पर है इसके बाद भी दो बड़ी पुलिया का निर्माण किया जाएगा जब तक सड़क का निर्माण पूर्ण नहीं होता तब तक इस पुलिया का निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता उन्होंने बताया कि एक-एक पुलिया सात लाख रुपये से लेकर 12 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जाएगा जिससे इस मार्ग के लोगों को आवागमन करने में परेशानी से निजात मिलेगी।

# सेवानिवृत होने पर शिक्षकों को दी गई विदाई

### स्कूल के विद्यार्थी विदाई समारोह में हुए भावुक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी

जुवाडी शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य अनिल कुमार दुबे,शासकीय माध्यमिक शाला रानीपुर की शिक्षिका नंदिता परसाई व उषाताई जैन के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ग्राम के नागरिकों ने नंदिता परसाई एवं उषा ताई जैन के द्वारा बच्चों को बैठने के लिए लाखों रुपये के डेक्स बेंच उपलब्ध कराए जाने पर अभिनंदन किया।इनकी प्रेरणा से प्राथमिक शाला कुही के शिक्षक रविशंकर पारखे द्वारा बच्चों के लिए हजारों रुपये के डेस्क व बेंच प्रदान किए।

#### दुबे का विदाई समारोह हा.से.स्कूल जुवाडी में आयोजित

सम्मान समारोह संभागीय आयुक्त जयप्रकाश यादव के उपस्थिति में आयोजित किया गया।संकुल के शिक्षको,अतिथियों, ग्राम वासियों,विद्यालय के बच्चों ने पुष्प माला शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।अतिथियों द्वारा श्री दुबे के कार्यो की सराहना की और कहा कि विद्यालय व बच्चों के लिए सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व बच्चे उपस्थित रहे।

## जगदीश डोंगरे बने राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के मप्र प्रभारी



**बैतूल।** राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश राणौत, राष्ट्रीय वरिष्ठ प्रभारी ऋषिराम सरले, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, उत्तर प्रदेश प्रभारी अमित गुप्ता, उत्तर प्रदेश प्रभारी अमित गुप्ता, उत्तर प्रदेश प्रदेश मंत्री सोनू सिंह मोदी, चित्रकूट जिला अध्यक्ष कृष्ण प्रताप ,राष्ट्रीय महामंत्री धोनी श्रीवास /एवं सनातन धर्म मंच मध्य प्रदेश प्रदेश संगठन मंत्री पंकज सोनी एवं राष्ट्रीय कोर कमेटी, राष्ट्रीय सह अनुशासन मंत्री प्रकाश वंजारे एवं जिला मीडिया प्रभारी संदीप सोलंकी की अनुशंसा से राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के मध्य प्रदेश प्रभारी जगदीश डोंगरे को नियुक्त किया गया है। जिला मीडिया प्रभारी संदीप सोलंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच की जल्द ही कार्यकारिणी गठित की जाएगी। वहीं इसी के तहत राष्ट्रीय सनातन धर्म मंच के मध्य प्रदेश प्रभारी जगदीश डोंगरे को नियुक्त किया गया है।

# महाआरती और भंडारे के साथ ग्राम छुरी में भागवत कथा का विश्राम




**शाहपुर।** आज ग्राम छुरी में विगत 6 दिनों से चल रही भागवत कथा के आज सातवें दिन कथा के विश्राम दिवस के अवसर पर नर्मदा पुरम से पधारे पंडित गुरु साहब शर्मा के मुखारविंद से सुदामा चरित्र एवं राजा परिझ्त के मोक्ष की कथा का श्रवण करवाया गया। एवं हवन पूजन किया गया' ,इसके साथ में विशाल भंडारे का आयोजन सिनोटिया परिवार के द्वारा किया गया' इस भागवत कथा में आसपास के 5 ग्राम के लोग प्रतिदिन कथा श्रवण करने के लिए उपस्थित होते थे' भैयावाड़ी, सिलपटी, छुरी ,छोटा महादेव सीता कामत के ग्रामों के लोगों ने प्रतिदिन कथा का श्रवण किया एवं पूर्ण लाभ को प्राप्त किया। पंडित गुरु साहब शर्मा नर्मदा पुरम के द्वारा बताया गया कि उनकी ग्राम झुरी में पहली कथा है एवं उन्हें इस कथा से असीम प्यार एवं आनंद की अनुभूति हुई। एवं सिनोटिया परिवार के द्वारा उन्हें असीम स्नेह प्राप्त हुआ एवं ग्राम के लोगों के द्वारा प्रतिदिन कथा का श्रवण कर पूर्ण लाभ को प्राप्त किया गया। उनके द्वारा प्रतिदिन विभिन्न मोक्षदाई कथा का श्रवण करवाया गया ।राम जानकी सेवा समिति के द्वारा भी पंडित गुरु साहब शर्मा नर्मदापुरम का आभार अभिनंदन व्यक्त किया गया। बांका कुंडी ग्राम के लोग भी कथा श्रवण करने झुरी ग्राम पहुंचे। सिनोटिया परिवार के द्वारा छठवें दिन भगवान के विवाह के उपलक्ष में विशाल भंडारा एवं अंतिम दिन प्रसादी के रूप में भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया ।उनके द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन यहां पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। एवं भक्त भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पूर्ण लाभ को प्राप्त कर रहे है।

### सीसी रोड का नपाध्यक्ष, सीएमओ ने किया निरीक्षण

# नगर के विकास में नहीं रहेगी किसी प्रकार की कमी: नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर



**बैतूल।** शहर के टैगोर वार्ड में बनी नवनिर्मित सीसी रोड का गुरुवार 1 फरवरी को नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद पिंटू परिहार भी मौके पर मौजूद रहे। पार्षद ने नपाध्यक्ष, सीएमओ को वार्ड का भ्रमण करवाकर अन्य विकास कार्यों से अवगत कराया।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने सड़क निर्माण के दौरान खोदी गई पाइपलाइन को तत्काल प्रभाव से शिफ्टिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता को देखा एवं अन्य कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने के भी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर वार्डवासियों की समस्याओं को भी सुना और उन्हें जल्द ही दूर किये जाने का भरोसा दिलाया। निरीक्षण के दौरान नपा अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर ने कहा कि नगर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। वार्डों की मूलभूत समस्याओं को दूर करने के साथ ही निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराया जाएगा। इन कार्यों के पूरा होने से वार्डवासियों एवं यहां आने जाने वालों को काफी राहत मिलेगी। वार्ड पार्षद पिंटू परिहार ने कहा कि निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है। वार्ड के विकास में किसी तरह की कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि पूर्व में सड़क नहीं होने से वार्ड वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब सीसी सड़क निर्माण से मार्ग सुलभ हो जाएगा। आवागमन में कोई दिक्कत नही होगी। विकास कार्यों को अमली जामा पहनाने के लिए उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## किया गया मच्छरदानी का वितरण



**शाहपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के 17 उप स्वास्थ्य केंद्र के 68 ग्रामो मे जनप्रतिनिधियों के माध्यम से और मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थित मे 1 फरवरी से मच्छरदानी का वितरण प्रारम्भ किया गया। रोहित विकी नायक अध्यक्ष नगर परिषद, सूर्यकान्त सोनी पार्षद एवं अन्य पार्षद और डॉ शिव कुमार रघुवंशी मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति मे वितरण किया गया। जिले से प्राप्त गाइडलाइन एवं टोकन प्रकिया अनुसार प्रतिदिन 140 परिवारो को मच्छरदानी घर के सदस्यों की संख्या अनुसार दी जाएगी। यह किटनाशी मच्छरदानी स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिन्हित उप स्वास्थ्य केंदो के सभी ग्रामो मे निशुल्क प्रदाय की जा रही है। आशा कार्यकर्त्ता द्वारा वितरण के 1 दिवस पूर्व टोकन प्रदाय किया जायेगा। वितरण के दिन टोकन साथ लाने और समग्र आई डी की फोटोकॉपी लेकर आने पर मच्छरदानी खोलकर दी जाएगी।

# आयुष्मान कार्ड, एडल्ट बीसीजी सर्वे का प्रशिक्षण, टीम भाव से काम के निर्देश



**बैतूल।** शहरी क्षेत्र बैतूल महिला बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एएनएम ट्रेंनिंग सेंटर प्रथम तल पर बैठक आयोजित की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उइके ने बताया कि बैठक में समस्त आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम एवं नर्सिंग ऑफिसर्स को आयुष्मान कार्ड बनाने, एडल्ट बीसीजी सर्वे, दस्तक अभियान, वैक्सीन बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, टीकाकरण हेड काउंट सर्वे करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। सीएमएचओ डॉ.रविकांत उइके द्वारा सभी कर्मचारियों को पूर्ण सकारात्मक ऊर्जा के साथ एक टीम भाव में कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.ए.के.भट्ट द्वारा समस्त लक्षित उम्र के बच्चों का संपूर्ण टीकाकरण कर पोर्टल पर एंट्री करने हेतु बताया गया। डॉ.आनंद मालवीय द्वारा एडल्ट बीसीजी सर्वे का प्रशिक्षण देकर सर्वे शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ.अविनाश कनेरे द्वारा वैक्सीन प्रीवेंटेबल डिसीज से संबंधित मरीज के क्षेत्र में पहचान कर शीघ्र सूचना देने हेतु कहा गया। शहरी क्षेत्र परियोजना अधिकारी श्री निरंजन सिंह डुडवे द्वारा उपस्थित समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम, आशा कार्यकर्ता को 12 फरवरी तक तक मिशन मोड में टीम वर्क की भावना से आयुष्मान कार्ड सर्वोच्च प्राथमिकता से बनाने हेतु कहा गया। डॉ.शिखा घिघोडे नोडल अधिकारी शहरी क्षेत्र द्वारा सभी को आयुष्मान कार्ड बनाने के लक्ष्य की जानकारी देते हुए निर्धारित समय में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु कहा गया। प्रशिक्षण में शेखर हारोड़े, अर्बन टीम एवं शहरी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों का विदाई समारोह

# गुरुजनों और ईष्ट मित्रों के साथ बिताए पल यादगार हो जाते हैं




**बैतूल।** सरस्वती विद्या मन्दिर कालापाठा में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का बिदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विशेष अतिथि पूर्व छात्र सत्येन्द्र सूर्यवंशी, मुख्य अतिथि पूर्व छात्र हेमन्त महाले, विद्यालय संचालन समिति अध्यक्ष कश्मीरीलाल बतरा, प्राचार्य संजय उपाध्याय, प्रधानाचार्य विनोद दीक्षित सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व11 वीं12 वीं के विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के पूजन व सरस्वती वंदना के साथ प्रारम्भ हुआ अतिथियों का परिचय विद्यालय के रिमांशु पवार द्वारा कराया गया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि सूर्यवंशी द्वारा विद्यार्थियों को आगामी समय में अपने लक्ष्य पर अडिग रहते हुए मितव्ययता के साथ आगे की पढ़ाई करने के लिए कहा। मुख्य अतिथि महाले द्वारा भी बच्चों को आगे के समय में आने वाली कठिनाईयों को बिना तनाव के सहजता से करने हेतु आसान तरीके बताए। अध्यक्ष बतराजी ने प्रेरणादायक कुछ छोटे किस्से सुनाकर बच्चों को प्रेरित किया। साथ ही उपस्थित कक्षा 12 वी के विद्यार्थी बहिन अनुष्का पाल, आयुष सोनी, आशीष घोरपड़े, हेमन्त यदुवंशी, देव धौलपुरिया, जान्हवी महाले, भूमिका हरसुले ने इस विद्यालय में अपने अनुभवों को साझा किया व विद्यालय को स्मृति स्वरूप पुस्तक रेक भेंट की गई।

# किसान संघर्ष समिति बिजली को लेकर फिर करेगी प्रदर्शन आंदोलन: पटेल

### बिजली विभाग पर लगाया उदासीनता का आरोप

**सारनी।** बिजली विभाग की उदासीनता की वजह से रवि की फसल को संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। इसको लेकर एक बार फिर किसान संघर्ष समिति के माध्यम से बिजली विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किए जाने की तैयारी की जा रही है।किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल ने बताया की चौथी बार प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जैसे चौथी बार बनी वैसे ही किसानों के लिए सरकार अभीश्रॉफ साबित हो रहा है।

मोहन यादव की सरकार प्रदेश में स्थापित होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती इस कदर से हो रही है कि किसानों की फसलों को संकट के दौर से गुजरना पड़ रहा है। अघोषित बिजली कटौती और लो वोल्टेज की वजह से गेहूं, जो,आलू,चना,मसूर अलसी, टमाटर, सरसों की यह जो मुख्य फैसले हैं इन फसलों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच रहा है।किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष ने बताया कि जब से बिजली विभाग के खिलाफ में धरना प्रदर्शन देने का काम किया गया था उसके बाद से ही बिजली की व्यवस्था ग्रामीण क्षेत्रों में खरब हो गई है। 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने का दम भरने वाली प्रदेश सरकार के माध्यम से 24 घंटे में से केवल 4 से 6 घंटे ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति कर रही है।ऐसी स्थिति में अंदाजा लगाया जा सकता है कि किसानों को खेती के लिए दिए जाने वाली बिजली भी 4 से 6 घंटे ही मिल रही है। जिसकी वजह से कई किसानों की फसल पानी के अभाव में सूखते नजर आ रही है। किसान संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष अशोक पटेल ने कहा कि इस मामले को लेकर एक-दो दिन में बिजली विभाग के उच्च अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बाद बिजली विभाग कार्यालय का एक बार फिर घेराव करके उग्र प्रदर्शन किया जाएगा बिजली विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को होने वाले नुकसान की भर पाई उनकी कार्य प्रणाली से उन्हें ही करनी पड़ी उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल को कम से कम चार बार पानी दिया जाना अनिवार्य होता है लेकिन अघोषित बिजली कटौती की वजह से किसानों को पर्याप्त पानी देने के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। यदि बिजली विभाग में बिजली दी तो लो वोल्टेज कर दे रहे हैं।

## बैंगलोर नैक पीयर टीम ने जेएच कालेज बैतूल का निरीक्षण किया



**बैतूल।** जेएच कॉलेज में उच्च शिक्षा विभाग एवं यूजीसी दिल्ली के निर्देशानुसार नैक पीयर टीम के चेयर पर्सन संस्कृत विश्वविद्यालय केरल के पूर्व प्राध्यापक डॉ.पीके धर्मराजन, मैम्बर क्वाडिनेटर एवं डीन गुरूनानक कॉलेज तमिलनाडू डॉ.हंसा एल. मनोहर, टीम मैम्बर एवं अम्बेडकर यूनिवर्सिटी उप्र के प्राध्यापक डॉ.रामचन्द्रा ने जेएच कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होने प्राचार्य डॉ.विजेता चौबै के संरक्षण में आईक्यूएसी की प्रभारी डॉ.मीनाक्षी चौबे के नेतुत्व में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.अनिता सोनी की उपस्थिति में महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र, प्राणीशास्त्र, रसायन शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, बायोटेकनालाजी, माइक्रोबायोलॉजी, भूगोल, समाजशास्त्र, हिन्दी, गणित, कम्प्यूटर साइंस, बीसीए विभाग अंग्रेजी, संस्कृत, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, वाणिज्य, बीबीए आदि का निरीक्षण किया। सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं शोधर्थीयो से प्रश्न कर जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा लाईब्रेरी, सभी विज्ञान संकाय की प्रयोगशाला और उपकरणों सहित सभी कार्यालयों का अवलोकन किया। महाविद्यालय के विद्यार्थीयों के द्वारा सांस्कृतिक गतिविधि के अंतर्गत कत्थक नृत्य, माइम नृत्य नाटिका, एकल गायन, सामूहिक गायिकी लोक नृत्य, समूह गान की प्रस्तुति नें अतिथियों का मन मोह लिया। सात क्रायटेरिया के कोऑडीनेटर जैसे क्यूरिकूलर आसेपेक्ट की कोऑडीनेटर डॉ.कमलेश अहिरवार, टीचिंग लरनींग एवं इवाल्यूसन की कोऑडीनेटर डॉ.पल्लवी दूबे, रिसर्च इनोवेशन एण्ड एक्सटेशन के कोऑडीनेटर डॉ. चंद्रशेखर मेश्राम इन्ट्रॉस्टक्चर एवं लर्निंग रिसोर्चसेस के कोऑडीनेटर प्रो. शिवप्रकाश पवार स्टूडेंट सर्पोट एवं प्रोग्रेसन के कोऑडीनेटर डॉ.राजेश शेषकर गर्वनेंस लीडरशीप एण्ड मैनेजमेंट की कोऑडीनेटर डॉ.मौसमी राय इन्टयूटीशनल वेल्यू एण्ड बेस्ट प्रैक्टीस इको क्लब की कोऑडीनेटर डॉ.अल्का पांडे संपादक डॉ.सुखदेव डोंगरे के द्वारा की गई तैयारी का अवलोकन नैक पीयर टीम द्वारा किया गया। नैक पीयर टीम ने महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष घनश्याम मदान एवं समिति के अन्य सदस्यों भूतपूर्व छात्रो, विधायक हेमन्त खण्डेलवाल, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर अलग अलग चर्चा की।

### रेखा केके अग्निहोत्री का तेरहवीं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज



**बैतूल।** भौंरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार (केके.) अग्निहोत्री की धर्मपत्नी तथा राजकुमार व वरिष्ठ पत्रकार कैलाश प्रसाद (केपी.) अग्निहोत्री की भाभी तथा राजा, विशाल व नकुल अग्निहोत्री की माताजी श्रीमती रेखा अग्निहोत्री का 21 जनवरी रविवार को एकादशी के दिन ऋषिकेश (हरिद्वार) में दुखद निधन हो गया था, जिनकी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आज भौरा में उनके निज निवास में रखा गया है। अग्निहोत्री परिवार ने अपने समस्त परिजनों, ईस्ट मित्र, शुभचिंतक, पत्रकार साथियों से अपेक्षा जाहिर की है कि सभी 2 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से पटेल कालोनी में स्थित निज निवास में आयोजित श्रद्धांजलि (तेरहवीं रसोई) कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए तथा शोक संतप्त अग्निहोत्री परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना करेंगे ।

### 9 सूत्रीय मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया शुरू

# आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी बैठे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी




आम आदमी पार्टी के माध्यम से गुरुवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके 9 सूत्री मांगों को ज्ञापन कलेक्टर के नाम देने के बाद धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।बताया जाता है कि आम आदमी पार्टी के माध्यम से जो 9 सूत्री मांग लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है वह जनहित का मामला है। राष्ट्रीय परिषद सदस्य लोकसभा प्रमुख अजय सोनी के माध्यम से धरना प्रदर्शन शुरू किया गया है कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगातार सट्टा जुए के कारोबार में खुलेआम धरने से बढ़ोतरी और इसके प्रमुख सरगरमओ पर कार्रवाई करने से पल्ला झाड़ती पुलिस प्रशासन है।

शासकीय उपक्रम वावे संवेदनशील क्षेत्र वेकोलि एमसीबी वन विभाग की भूमि पर ठेका शराब दुकान का अनाधिकृत रूप से वर्षों से संचालन और उसके कारण लगातार अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है।नगर पालिका सारनी क्षेत्र में कई वार्ड एवं वार्ड वासियों में बड़े स्तर पर अवैध शराब का बढ़ता कारोबार भी परेशानी का कारण बना हुआ है।शासकीय उपक्रम वाले संवेदनशील क्षेत्र में वन विभाग और शासकीय उपक्रम की भूमि पर कबाड़ खाने का अवैध तरीके से संचालन करना अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। श्री सोनी ने बताया कि चालू और बंद खदानों में सख्त सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में बढ़ती स्क्रेप चोरी की वारदात और सुरक्षा कर्मियों पर जानलेवा हमले निंदनीय घटना है। बैतूल परासिया राज्य मार्ग पर विगत वर्षों से बढ़ती मौत रूपी सड़क दुर्घटना और एमपीआरडीसी और टोल कंपनी का सम सड़क व्यवस्था में लापरवाही पूर्वक गैर जिम्मेदार व्यवहार करना ठीक नहीं है।स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदार सीएमएचओ बीएमओ का मरीज के प्रति गैर जिम्मेदार व्यवहार झोलाछाप अनाधिकृत पेथी से उपचार कर खुलेआम अस्पताल रूपी दवाखाना संचालित किया जाना और जिम्मेदार विभाग द्वारा इन पर कार्रवाई न करना संरक्षण की ओर इशारा कर रहा है। श्री सोनी ने बताया कि नगर पालिका परिषद सारनी क्षेत्र में समीप के बिना विभाग के अनुमति के रेत खनन नदियों से वन विभाग भूमि से अवैध खनन और परिवहन कर शासन को राजस्व की क्षति पर्यावरण जलवायु को नुकसान खनिज अलाव की क्षति जनता को चोरी की रेत महंगी दर पर बचना भी अपराध है।कोयला खदानों से ग्रामीण क्षेत्र में कोयला चोरी का अवैध कारोबार में बढ़ोतरी जिसमें शासन को राजस्व का नुकसान होना दुखद पहलू है इन नौ प्रमुख मांगों को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य लोकसभा प्रमुख अजय सोनी के माध्यम से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है अब देखना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन के माध्यम से उनके माध्यम से नौ सुत्री मांगों का जो ज्ञापन लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उसमें कोई सुधार होता है या नहीं।

### फरियादी ने की थाने में धोखाधड़ी की शिकायत

# भोपाल के ऑटोमोबाइल शोरूम की करतूत नई कार के पैसे लेकर पुरानी गाड़ी बेची

**भोपाल के निजी ऑटो मोबाइल शोरूम द्वारा एक चार पहिया वाहन की खरीदी में धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने संबंधित शोरूम के संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



भोपाल के विन विन विन ऑटोमोबाइल शोरूम ने इटारसी निवासी अनिल मिहानी के साथ नियोजित ढंग से धोखाधड़ी की है। शोरूम संचालक द्वारा मिहानी से नई कार के पैसे लिए गए और एवज में उन्हें सेकंड हैंड कार थमा दी। जो कार मिहानी को बेची गई है उसे पूर्व में शोरूम संचालक ही खरीद चुके है और उसके संभावित एक्सीडेंट होने की बात भी सामने आ रही है। कार के पिछले हिस्से में एक्सीडेंट के बाद डेटिंग पेंटिंग के निशान भी दिखाई दे रहे है। मामले में फरियादी एवं पेशे से पत्रकार अनिल मिहानी ने सिटी थाने में एवं महिंद्रा कंपनी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को शिकायत की है।

#### यह है मामला

मिहानी ने पुलिस थाने में एक आवेदन देकर विन विन ऑटो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल द्वारा कार खरीदी में उनके साथ ठगी करने की शिकायत की है। अपने निवास पर एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि बताया कि विगत 10 अक्टूबर 2023 को विन विन ऑटो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल से नई महिंद्रा एक्सयूवी 700 खरीदने हेतु कोटेशन नंबर 58 प्राप्त किया था। जिसमें गाड़ी की कीमत 29,35, 280 रुपए ऑन रोड बताई गई थी। उसी दौरान मेरे द्वारा शोरूम के संचालक वीरेंद्र सिंह के कहने पर मुझे कोटेशन प्रदान करने वाले देव साबले को 25,0000 रुपए नगद राशि देकर गाड़ी बुक करा दी थी। इस दौरान उन्होंने मुझे कोई भी रसीद प्रदान नहीं की थी। उन्होंने मौखिक रूप से 15 दिन के अंदर उक्त बुक की गई गाड़ी की डिलेवरी देने की बात कही थी। 12 अक्टूबर 2023 को 1 लाख रुपए नेफ्ट के माध्यम से विन विन ऑटो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को अपने बैंक अकाउंट से ट्रांसफर कर दिए थे। अगले ही दिन शोरूम से मुझे फोन करके एक-दो दिन में ही गाड़ी की डिलेवरी देने की बात कही गई थी और बकाया राशि के भुगतान का भी अनुरोध किया था। विन विन ऑटो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल से गाड़ी के डिलेवरी के संबंध में फोन आने पर मेरे द्वारा जब फाइनेंस प्रक्रिया कराई जा रही थी उसी दौरान शोरूम के प्रवेंद्र एवं विवेक शर्मा ने कहा कि महिंद्रा फाइनेंस का रेट आफ इंटरेस्ट कम है, आप उनसे करा लीजिए। गाड़ी तुरंत फाइनेंस हो जाएगी और गाड़ी की डिलेवरी भी तुरंत मिल जाएगी। तब मैंने गाड़ी फाइनेंस कराने के लिए महिंद्रा फाइनेंस के श्री आकाश लोधी से संपर्क किया तो उन्होंने मुझ से उक्त क्रय की जाने वाली महिंद्रा एक्सयूवी 700 को कोटेशन एवं फाइनेंस प्रक्रिया हेतु आधार कार्ड, पेन कार्ड, आईटी रिटर्न आदि वाट्सएप नंबर पर ही मांगे जो मैंने उन्हें उनके मोबाइल नंबर पर ही प्रदान कर दिए थे। 14 अक्टूबर 2023 को महिंद्र फाइनेंस के आकाश लोधी ने गाड़ी फाइनेंस करने से मना कर दिया। मिहानी ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के चंदन सिंह पटेल से 17 अक्टूबर 2023 को उनके मोबाइल पर संपर्क किया तो उन्होंने कोटेशन एवं फाइनेंस संबंधी अन्य दस्तावेज प्राप्त करने के बाद मुझे 5 वर्ष के लिए 49,250 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से 23,11,200 रुपए रुपए फाइनेंस कर राशि विन विन ऑटो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल को प्रदान करने की स्वीकृति दी।

#### यह बोले शोरूम संचालक वीरेन्द्र सिंह

उन्होंने स्वीकार किया कि गाड़ी फाइनेंस करायी थी, लोन पटाकर गाड़ी दी है और उन्होंने पूरे होशो हवाश में सस्ते में गाड़ी ली है। टेस्ट ड्राइव वाली गाड़ी उन्होंने ली है। उनको छह लाख रुपए डिस्काउंट में दी है। हमारे पास उनके साइन हैं, सारे कागजात हैं। वे मेरे मित्र हैं, मैं उनसे बात करता हूं, कि आखिर क्या बात हो गयी।

#### यह हुआ डिलेवरी लेने के बाद

शोरूम से गाड़ी लेने के दौरान गाड़ी चालू नहीं हुई तो कहा कि बैटरी डाउन है, इसलिए सेल्फ नहीं ले रही। तत्काल दूसरी गाड़ी की बैटरी निकालकर गाड़ी में लगा दी, वह बैटरी भी पुरानी थी। जब मैंने दोबारा आपत्ति ली तब स्टाफ ने कहा कि आज पंचमी का दिन है, शोरूम पर बहुत भीड़ है और बहुत गाड़ी की डिलेवरी देनी है आप दशहरा के बाद आकर कभी भी शोरूम से नई बैटरी प्राप्त कर लेना। मैंने उनकी बात मानकर गाड़ी की डिलेवरी लेकर भोपाल शोरूम से वापस इटारसी आ गया। जब मैं गाड़ी शोरूम से लेकर निकला तो उसमें इटारसी पहुंचते पहुंचते अनेक शिकायतें देखने को मिली। जो पुरानी गाड़ी होने का स्पष्ट संकेत दे रही थी। जिसकी मैंने वाट्सऐप के माध्यम से विन विन ऑटो मोबाइल्स प्राइवेट लिमिटेड भोपाल के जीएम विवेक से बात की। तब उन्होंने कहा कि अगली बार जब आप बैटरी लगवाने आएंगे तब उक्त समस्याओं का समाधान करा देंगे। गाड़ी में इन समस्याओं की शिकायत विवेक से की गई थी। गाड़ी में आवाज आ रही थी, व्हील एलायमेंट, व्हील बैलेंसिंग आदि की समस्या थी। पीछे की डिक्की लॉक नहीं हो रही थी। गाड़ी के नीचे से अनेक नट बोल्ट गायब थे। यह नई गाड़ी अन्य गाड़ियों की अपेक्षा ज्यादा वाइब्रेशन कर रही थी जो अनेक शंकाओं को जन्म देती है।

# पति की मृत्यु के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने पत्नी को ही कर दिया बेदखल

### पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार, न्यायालय जा पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



ग्राम पंचायत तरौनकला का एक मामला सामने आया है जिसमें अपने पति की मृत्यु के पश्चात महिला को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उसकी संपत्ति से बेदखल कर दिया है। पति की संपत्ति पर अभी तक पत्नी एवं पुत्र का अधिकार होता था लेकिन राजस्व विभाग के सभी अधिकारियों ने पति के भाइयों को संपत्ति पर नामांतरण करते हुए उसका दावेदार बना दिया है। आवेदी का जीवन भाई ने अपना आवेदन जनसुनवाई में जिला कलेक्टर एवं राजस्व विभाग पिपरिया को कई बार आवेदन दिए हैं जिसमें बताया गया है कि तत्कालीन पटवारी उमेश बरेले एवं प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा स्वर्गीय प्रताप सिंह की मृत्यु के पश्चात उनकी पत्नी जीवनबाई का अधिकार उनकी संपत्ति आने भूमि पर होना था लेकिन अधिकारियों ने 3 वर्ष पूर्व से पति की मृत्यु होने के बाद आवेदिका का पिपरिया से लेकर जिला कलेक्टर एवं कमिश्नर के साथ-साथ जबलपुर हाईकोर्ट में भी आवेदन दे चुकी है। सभी अधिकारियों के द्वारा पूर्व में महिला के पक्ष में ही आदेश जारी किए गए थे लेकिन उसके बाद भी वर्ष 2021-22 से लेकर अभी तक सभी अधिकारियों की सहमति से महिला को बेदखल करते हुए रिकार्ड दुरुस्त करते हुए महिला को वारिश से उसका हक छीन लिया गया है। आबिद खान ने अपने आवेदन में कहा है कि प्रताप सिंह के कोई संतान नहीं थी उनकी मृत्यु के बाद फौती नामांतरण के लिए आवेदन दिया तब उन्हें पता चला कि उनके हिस्से की जमीन उनके परिवार जनों के किसी भाई के नाम कर दी गई है प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा दस्तावेज वसीयत में लगाकर एक ही दिन में सारा रिकार्ड दुरुस्त कर दिया गया है। जिसमें पटवारी के द्वारा पंचनामा एवं तत्कालीन तहसीलदार राजेश बोरासी व उनके बाबू नारायण राजेश मेहरा के द्वारा दस्तावेज से छेड़छाड़ कर पति की 14 एकड़ 43 डिसमिल जमीन पर महेश ठाकुर आ. खुमान सिंह ठाकुर को कागज कर दिया गया है और उनकी जमीन पर नामांतरण भी कर दिया गया है इस संबंध में महिला के द्वारा आयुक्त जिला कलेक्टर उच्च न्यायालय जबलपुर सभी जगह से पारित आदेश हुए उसके बाद भी शासन के अधिकारियों के द्वारा सभी के आदेशों की अवहेलना करते हुए महिला को आज दिनांक तक न्याय प्रदान नहीं किया गया है। उसकी संपत्ति एवं जमीन में से एक भी इंच महिला को जमीन नहीं दी गई है बताया गया कि उसने पूर्व में भी जनसुनवाई में कई आवेदन संपूर्ण दस्तावेज लगा कर दिए हैं लेकिन उसके बाद भी आज दिनांक तक उसे न्याय प्रदान नहीं किया गया है। इस विषय में तहसीलदार वैभव बैरागी से चर्चा करनी चाहिए तो उन्होंने फोन रिसीव किया। तत्कालीन पटवारी उमेश बरेली ने बताया कि महेश ठाकुर आ. खुमान ठाकुर के द्वारा वसीयत प्रस्तुत की गई थी वसीयत के आधार पर उनके द्वारा प्रतिवेदन उच्च अधिकारियों को प्रस्तुत किया गया था। जिसमें जीवन भाई पत्नी का भी उल्लेख किया गया था लेकिन अधिकारियों के द्वारा वसीयत के आधार पर नामांतरण कर दिया गया है।

### बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट वाहनों की धरपकड़ तेज, काटे जा रहे चालान

**नर्मदापुरम।** गुरुवार को उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नर्मदापुरम जिले में संचालित सभी वाहनों में अनिवार्य हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट की जांच परिवहन विभाग के जांच दल के द्वारा निशा चौहान के नेतृत्व में जिले के सभी मार्गो पर की जा रही है। इसी क्रम में परिवहन जांच दल द्वारा अभी तक सिवनीमालवा, बानापुरा तहसील में वाहनों के नंबर प्लेट की जांच की, लगभग 40 वाहनों की जांच में 11 वाहनों में एचएसआरपी नंबर प्लेट नही पाए जाने पर 5500 चालानी राशि वसूल की गई, जांच के दौरान आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने प्रत्येक वाहन चालक को एचएसआरपी नंबर प्लेट की जानकारी देते हुए नंबर प्लेट से होने वाले फायदे, नंबर प्लेट की संबंधित शोरूम या स्वयं के मोबाइल द्वारा आवेदन करने के तरीके को समझाया।

# घटिया निर्माण की भेंट चढ़ा 5 करोड़ 46 लाख की लागत से बना कॉलेज भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनखेड़ी



बनखेड़ी में 5 करोड़ 46 लाख की लागत से बनने वाले नवीन कालेज भवन का लोकार्पण 2 फरवरी को होने जा रहा है। धीमी रफ्तार से बनने वाले इस भवन का निर्माण 7 वर्ष पहले ही हो जाना था, लेकिन लोकार्पण कार्यक्रम के पहले तक भी भवन परिसर में रोड एवं अधूरे भवन का निर्माण जारी है। अभी तक कालेज मे बाऊंड्री वाल और पार्किंग का काम पूरा नहीं हुआ है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मौन साधकर कर गुणवत्ताहीन निर्माण को लगातार ढकते चले आ रहे हैं और समय-समय पर करीब 6 करोड रुपए की लागत से बनने वाले कॉलेज भवन के बिल भुगतान भी कर दिए गए। निर्माण की गुणवत्ता सही मापदंड, समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण कराने की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है परंतु शासकीय विभाग अपनी जिम्मेदारियां से दूर गुणवत्ता हीन निर्माण को लगातार झेलता रहा और बिल भी पास करता रहा और अंततः 7 वर्षों से निर्माण अधीन कॉलेज बिल्डिंग लोकार्पण की ओर पहुंच गई बता दें कि आज भी तय मापदंड एवं ड्राइंग के अनुसार रोड एवं अन्य कई काम अभी भी कॉलेज परिसर में होना शेष हैं। कालेज के भवन निर्माण के शुरुआती समय मे तत्कालीन प्रमुख सचिव ने भवन निर्माण की साइट बुक में घटिया निर्माण लिखकर गये और ठेकेदार को टर्मिनेट कर दिया था। लेकिन बाद मे पी डब्लू डी विभाग ने उसी ठेकेदार से काम करवाना शुरू कर दिया।

2 फरवरी को दोपहर 12 बजे से हो रहे लोकार्पण कार्यक्रम मे उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि आ रहे है। बनखेड़ी कॉलेज के निर्माणाधीन भवन में जगह-जगह दरार आने लगी हैं। कई स्थानों पर दीवारों से प्लास्टर गिर रहा है और बाथरुम की दीवार पर नमी आ रही है। लेकिन शासन की जल्दबाजी देखिए कि इस बिल्डिंग गुणवत्ता विहीन निर्माण को नजर अंदाज करते हुए कॉलेज को इस आधी अधूरी बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया गया है। बिल्डिंग निर्माण अभी भी जारी है साथ ही कॉलेज की कक्षाएं भी लगातार चल रही है ऐसे में छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में लगातार व्यवधान का सामना करना पड़ता है। पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर असरफ खान असरफ खान ने बताया कि अभी भवन निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है रोड एवं अन्य निर्माण कार्य बाकी हैं परंतु लोकार्पण का कार्यक्रम बन गया है जिसके कारण लोकार्पण हो रहा है गुणवत्ताहीन निर्माण पर खान कुछ कहने से बचते नजर आए।

प्राचार्य शासकीय कॉलेज बनखेड़ी सतीश पिपलोदे के अनुसार वर्तमान में रोड ,पार्किंग, खेल मैदान निर्माण कार्य पूर्ण होना शेष हैं।

# आईटीआरसी इंदौर द्वारा संचालित कंप्यूटर एजुकेशन ने बच्चों का रिजल्ट घोषित किया

### कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




आईटीआरसी इंदौर द्वारा संचालित साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पचमढ़ी द्वारा गुरूवार को सभी बच्चों का रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि थाना प्रभारी उमाशंकर यादव, कार्यक्रम के अध्यक्ष लिली पॉल, मैनेजर मैथमेटिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल कार्यक्रम की विशेष अतिथि सविता साहू एवं शाहजहाँ बेगम रहे। सर्वप्रथम कंप्यूटर सेंटर की छात्रा जसविक द्वारा नृत्य की प्रस्तुति दी गई। उसके पश्चात मैथमेटिक्स इंग्लिश मीडियम स्कूल पचमढ़ी द्वारा छोटे-छोटे बच्चों ने अपने नृत्य की प्रस्तुति दी उसके पश्चात साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पचमढ़ी के ओनर मोहम्मद इश्तियाक खान द्वारा सभी बच्चों का रिजल्ट घोषित किया गया और अतिथियों द्वारा उनको सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार वितरण किए गए। बेसिक प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर तनवीर, दूसरा आशीष, तीसरे स्थान प्रियंका ने प्राप्त किया। डीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान दीक्षा ने प्राप्त किया। एडीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान अब्दुल अयान,दूसरा आशी गुप्ता एवं प्राजंलि, तीसरे पर काजिम अंसारी एवं रौनक ने प्राप्त किया। पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर में प्रथम स्थान अंकित एवं साक्षी, दूसरा वर्षा एवं रंजीता, तीसरा खुशी यादव एवं नेहा ने प्राप्त किया। एडीसीए दूसरे सेमेस्टर में प्रथम स्थान मोईन, दूसरा स्थान नेहा तथा तीसरा स्थान कीर्ति ने प्राप्त किया। पीजीडीसीए सेकंड सेमेस्टर में प्रथम स्थान प्रीति साहू, दूसरा ललित अहिरवार,तीसरा अरविंद ने प्राप्त किया। बेस्ट टीचर ऑफ़ द ईयर का अवार्ड मनीषा मंसोरिया को दिया गया। बेस्ट इंटर्नशिप अवार्ड निर्मला नाजिया एवं नेहा को मिला अतिथियों द्वारा सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी गई और साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर की मैनेजर मनीषा मंसोरिया द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए एवं साइबर्टेक कंप्यूटर एजुकेशन सेंटर पचमढ़ी के ओनर मोहम्मद इश्तियाक खान द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावक को एवं छात्र-छात्राओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई अंत में मोहम्मद इश्तियाक खान द्वारा सभी अतिथियों एवं पालको का आभार व्यक्त किया गया।

# श्री खाटू श्याम के भजनों से मंत्रमुग्ध हो गए श्रद्धालु

### श्री श्याम दरबार के दर्शन के लिए उमड़े भक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

समीपस्थ ग्राम उमरखेडी में श्री श्याम प्रेमियों द्वारा बुधवार शाम को खाटू श्याम की भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालु जमकर झूमे। खाटू श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया था। जिसमें कलाकारों ने गुरूवार भोर तक श्याम के भजनों का आनंद लिया। इस दौरान नागपुर से आई श्याम प्रिय कृष्ण प्रिया ने भजनों की प्रस्तुति दी सभी भक्तजनों ने भक्ति के रस में डूबकर भजन संध्या का आनंद लिया। श्याम सेवा परिवार ने धर्म प्रेमियों को मंच पर बुलाकर हवन में आहुति दिलाने, सम्मान प्रतीक पट्टा पहनाने एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। इस बीच विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज सिंह पटेल भी कार्यक्रम समापन तक उपस्थित रहे । इस बीच पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा हुई। जिसमे सभी भगक्त जमकर झूमे अंत में सभी ने जयकारा लगा कर प्रसाद ग्रहण किया खाटू श्याम के भजन संध्या में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने श्याम के भजनों का रसपान किया।

### भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी से विवाद, विवेक ने कहा मामूली बात थी



**इटारसी।** इंटरनेशनल हॉकी प्लेयर और टोक्यो ओलिंपिक (2021) में भारत के लिए ब्रॉन्ज मैडल लाने वाले हॉकी प्लेयर विवेक सागर के साथ विवाद का मामला सामने आया है। विवेक की कार और एक बाइक में मामूली टक्कर हो गई थी। इससे बाइक सवार इतने तैश में आ गए कि उन्होंने विवेक को कार से उतार लिया। घटना बुधवार शाम 5 बजे पुरानी इटारसी क्षेत्र में एसबीआई तिराहे की बताई जा रही है। हालांकि, विवेक ने केस दर्ज नहीं कराया है। विवेक बुधवार को ही इटारसी आये हैं। वे कार चला रहे थे। साथ में उनके पिता रोहित प्रसाद भी थे। गलती बाइक वालों की थी। हम सीधे जा रहे थे। मोड़ पर बाइक वालों ने देखा ही नहीं और सीधे गाड़ी ले आए। विवेक ने मीडिया को कहा है, ज्यादा बड़ी बात नहीं थी, इसलिए मैंने शिकायत नहीं की।

### अल्प प्रवास पर राज्य मंत्री पहुंचे निजी कार्यक्रमों में



**शोभापुर।** राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शोभापुर के दौरे में अल्पप्रवास के दौरान पहुंचे। राज्य मंत्री शोभापुर में बड़घरिया परिवार की शादी में पहुंच कर शोभापुर के पूर्व सरपंच भगत सिंह पटेल और उनके पुत्र शैलेंद्र पटेल से मिलते हुए वर वधु को आशीर्वाद दिया। इसके बाद मंत्री पटेल जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल के सुपुत्र शिवराज पटेल के विवाह अवसर पर ग्राम सोढरा पहुंचे और उन्होंने वहां आत्मीय स्वागत में खुद को आनंदित महसूस किया। उल्लेखनीय है कि मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल उदयपुरा से पहली बार विधायक चुने गए है और उनको पहली मर्तबा ही मंत्री पद मोहन सरकार ने सौंप कर सबको चौंकाया था।

### दिल्ली समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रिद्धि सिद्धि कृषि हुआ शामिल



**शोभापुर।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की 10000 एफपीओ गठन एवं संवर्धन योजना के अंतर्गत लघु कृषक कृषि व्यापार संघ के सहयोग द्वारा गठित किसान उत्पादक संगठन रिद्धि सिद्धि कृषि प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड को 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में निमंत्रण आया। गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर विशेष मेहमान रिद्धि सिद्धि के कार्यकारी अध्यक्ष राघवेंद्र पटेल ने दिल्ली के उक्त कार्यक्रमों में भाग लिया। एफपीओ अध्यक्ष राजेश पटेल ने केंद्रीय किसान एवं कृषि कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा से विशेष चर्चा की। जिसने एफपीओ के आगे कार्य योजना बताई एवं क्षेत्र में आवारा मवेशियों से होने वाले कृषि में नुकसान से अवगत करवाया एवं उसके निदान करने के लिए आवेदन दिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में रिद्धि सिद्धि कृषि प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के डायरेक्टर राजेश पटेल, राजेश शर्मा, बैजन्ती बाई, राजकुमार पटेल एवं सदस्य दुर्गेश पटेल, रामबिलास गुर्जर हर्षवर्धन सिंह राणा एवं सीईओ राघवेंद्र सिंह पटेल सपरिवार शामिल हुए।

# मुख्य बाजार के बस स्टैंड पर पीपीपी मॉडल पर हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मुख्य बाजार में मौजूद बस स्टैंड पर नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा पीपीपी मॉडल पर हाईटेक यात्री प्रतीक्षालय बन कर तैयार है। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने इसके पुर्ननिर्माण का जायजा लिया। नपाध्यक्ष का कहना है कि 15 फरवरी के आसपास विधायक डॉ सीतासरन शर्मा इस प्रतीक्षालय को जनता को समर्पित करेंगे। चौरे ने बताया कि रेलवे स्टेशन के प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय की तर्ज पर ही इस प्रतीक्षालय को व्यवस्थित बनाया गया है। भोपाल का संजीवनी सेवा संस्थान इस कार्य को कर रहा है। बस स्टैंड में महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी और सामान सुरक्षा के लिए लॉकर रुम भी बनाया गया है। नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि अध्यक्ष बनने के बाद जब प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया था तभी तय कर लिया था कि इसका कायाकल्प करेंगे। क्योंकि यहां शराब की बोतलें, कबाडा के साथ ही अश्लील विज्ञापनों की दीवार पर भरमार होती थी, तभी तय कर लिया था कि इसे मॉडल प्रतीक्षालय बनाएंगे साथ ही यह ऐसा होगा कि बाजार क्षेत्र के व्यापारी भी इसका उपयोग कर सकेंगे। बस स्टैंड के इस प्रतीक्षालय में महिला सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे, यात्रियों के सामान की सुरक्षा के लिए लॉकर रुम अमानत घर, 20 सीटर टॉयलेट के अलावा आरामदायक स्टील की कुर्सी होगी। प्रतीक्षालय में शानदार कलर किया गया है और रंगबिरंगी रोशनी छत पर लगाई गई है।

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता

# सिवनी,नागपुर, रायपुर,नासिक की टीमें अगले दौर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के गुरूवार को तीसरे दिन महाविद्यालय मैदान पर पांच मैच खेले गए। पहला मैच सिवनी और हरदा के बीच खेला गया जिसमें सिवनी ने ट्राई बेकर में 2/0से मुकाबला जीता। दूसरा मैच नागपुर और भोपाल के मध्य खेला गया जिसमें नागपुर की टीम 4/2से विजय हुई। प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला प्रयागराज, रायपुर के बीच खेला गया जिसमें रायपुर ने 3/2से जीत दर्ज की। चौथा मैच नासिक और नानापारा (यू पी) के बीच खेला गया जिसमें नासिक 2/0से विजय रही।पांचवा मैच उज्जैन और सिवनी के मध्य हुए जिसमे सिवनी की टीम ने 2-0 से मैच जीता। खेल संयोजक शंकर मालवीय, सचिव अश्विनी सरोज ने बताया कि कल प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। मैचों के दौरान नपा अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, समिति अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, हरगोविंद पूर्विया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, मिथलेश ठाकुर, सीएमओ दीपक रनवे, उपयंत्री आर जी चौबे, सीएमओ मखननगर जी एस राजपूत, कार्यकारी अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, आलोक जायसवाल, जमील खान, जगदीश अहिरवार आदि ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। टेक्निकल का प्रभार आर आर जे सरोज, ब्रायन लाल, लोटा खान ने संभाला। निर्णायक की भूमिका जय सिंह भदौरिया, दीपक राजपूत, रवि हरदुआ ने निभाई। मैचों में जज की भूमिका में नीरज राय रहे। मैचों का आखों देखा हाल मीडिया प्रभारी पवन सिंह चौहान, आनंद परासर ने सुनाया।

मैचों के दौरान संरक्षक हमीर सिंह चंदेल, अभिलाष सिंह चंदेल, सौरभ तिवारी, दादू राम कुशवाहा, रज्जन यादव, शेर खान, भानु प्रकाश तिवारी, रूपनारायण शर्मा, प्रकाश बहौतरा, किशोर जायसवाल, मनोज गोलनी, अभिनव पालीवाल, अंकुश जायसवाल, अभिषेक चौहान संजय तिवारी, रवि उइके, गौरव पालीवाल, अंकित कुबरे आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### हिट एंड रन के मामले में 2 लाख की सहायता स्वीकृत

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर ह्यह्यहिट एंड रनह्लह्ल के मामले में मृतक के परिजनों को 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है कि गत दिनों सड़क दुर्घटना में अमरदास पिता जागेश्वर निवासी ग्राम कुड़ावा तहसील खिरकिया की मृत्यु हो गई थी। मृतक की पत्नि अनसुईया बाई बेवा अमरदास जाति माली निवासी ग्राम कुड़ावा को इस 2 लाख रूपये की स्वीकृत राशि का भुगतान जनरल इंश्योरेंस कम्पनी द्वारा किया जाएगा।

### वाट्सएप पर मेसेज किया, और प्रवीण को मिल गई व्हील चेयर



**हरदा।** जिला प्रशासन द्वारा व्हाट्सऐप बोट सेवा ह्यह्यहर दम हरदाह्लह्ल प्रारम्भ की गई है, जिसका वाट्सएप नम्बर 8226006666 है। जिले के ग्राम डगावानीमा निवासी दिव्यांग युवक प्रवीण हुरमाले ने इसी वाट्सएप चेटबोट ह्यह्यहरदम हरदाह्लह्ल के माध्यम से व्हील चेयर की मांग जिला प्रशासन से की। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि प्रवीण की समस्या को देखते हुए सामाजिक न्याय विभाग द्वारा व्हील चेयर उपलब्ध करा दी है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ऋषि गर्ग की पहल पर वाट्सएप चेटबोट हरदम हरदा सेवा प्रारंभ की गई है। जिसके माध्यम से जिले के नागरिक सीधे व्हाट्सएप से ही जिला प्रशासन को अपनी मांग, सुझाव अथवा शिकायतें प्रेषित कर सकते है।

### रेत के अवैध भंडारण परिवहन पर कार्रवाई

**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग के निर्देशन मे जिले मे रेत के अवैध भंडारण, उत्खनन एवं परिवहन के रोकथाम की कार्रवाई लगातार जारी है। गुरूवार को हंडिया मार्ग पर ग्राम अबगांवकला के पास राजस्व, परिवहन व खनिज विभाग की टीम द्वारा खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की जांच की गई। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व हरदा के.सी. परते ने बताया कि जांच के दौरान 4 डम्पर वाहनों से रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया।

## काल्टीवेटर लेने गया था, हुआ विवाद, पुलिस मामले की जांच में जुटी

# भोपालपुरा में युवक पर चाकू से हमला, खरगोन किया रेफर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर बलकवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भोपालपुरा में दो युवकों के बीच विवाद में चाकूबाजी की घटना हुई। एक युवक घायल है। घायल को कसरावद में इलाज के बाद दोपहर 3.30 बजे खरगोन रेफर किया है। गुरुवार सुबह की घटना बताई जा रही है। बलकवाड़ा पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह 7.30 बजे गांव का कमल ट्रैक्टर में उपयोग होने वाला कल्टीवेटर लेने पहुंचा। इसी दौरान वहां गांव का रमेश आया और कमल के साथ गाली-गलौच करने लगा। कमल ने रोका तो दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। रमेश ने चाकू निकाला और कमल पर वार कर दिए। इसमें कमल के गाल पर बाई ओर, दाहिने हाथ पर व सीधे पैर के पंजे पर चोट आई है। उसे कसरावद स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उसकी हालत गंभीर देखते हुए खरगोन जिला अस्पताल भेजा गया है। यहां उसका इलाज चल रहा है उसके हालात में सुधार है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

## हाईवे पर सड़क हादसा, दो युवक की मौत


**हरदा।** गुरुवार सुबह 5 पांच बजे के आसपास ग्राम उड़ा और चारखेड़ा के पास हाईवे पर हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है।पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक खंडवा जिले के किल्लोद थाना क्षेत्र के ग्राम कुपढाल का रहने वाला रामविलास (40) अपने गांव के ही रहने वाले सुनील (25) को लेकर बाइक से अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने बुधवार शाम को हरदा जिले के ग्राम चारखेड़ा आया था। चारखेड़ा में मृतक रामविलास कोरकू की पत्नी संगीता अपनी छोटी बहन के साथ किसी किसान के यहां बीते 15 दिनों पहले मिर्ची तोड़ने की मजदूरी के लिए आई थी। जिसने मिलने आने के बाद गुरुवार सुबह जल्दी उठकर वापस लौट रहा था। इस दौरान ग्राम उड़ा ओर चारखेड़ा के बीच सोडलपुर की तरफ से इंदौर की ओर जा रहे मक्का से भरे ट्रक ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और बाइक को करीब एक किलोमीटर दूर तक घसीटते ले गया। पुलिस को कंट्रोल रूम से हादसा होने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को जिला अस्पताल में पीएम के लिए भिजवाया है।

### मछली पकड़ने का काम करता था युवक

मृतक रामविलास की पत्नी संगीता बाई ने बताया कि उनकी एक पांच साल की बेटी एवं तीन साल का एक बेटा है। चूंकि परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नही होने के चलते पति को आर्थिक रूप से सहयोग करने के उद्देश्य से वह मजदूरी करने मिर्ची तोड़ने के लिए आई थी। वहीं पति मछली पकड़ने का काम करते थे। इसी कारण सुबह जल्दी उठकर लौट रहे थे। सुबह उन्होंने अपने पति और उसके साथ आए युवक को चाय बनाकर पिलाई और घर जाने के लिए विदा किया, लेकिन उन्हें क्या पता था कि अब उनकी अपने पति से यह आखिरी मुलाकात है।

## मंदिर ट्रस्ट ने किया मंत्री का स्वागत

### वन मंत्री पहुंचे ओंकारेश्वर किया, भोलेनाथ का अभिषेक



**ओंकारेश्वर।** मध्यप्रदेश के वन मंत्री दिलीप अहिरवार गुरुवार सुबह 10 बजे ओंकारेश्वर पंहुचे। उन्होंने ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर अभिषेक किया। इस अवसर पर उनका ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्वागत किया गया। वन मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि वे ज्योतिर्लिंग दर्शन कर अभिभूत हैं। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश की सुख शांति और मोहन यादव मंत्रिमंडल सरकार के नेतृत्व में प्रदेश की विकास की कामना की है।

## ओंकारेश्वर मंदिर में महिला सुरक्षाकर्मी ने श्रद्धालु का पर्स लौटाया



ओंकारेश्वर।ओंकारेश्वर मंदिर में दर्शन करने के दौरान एक महिला का पर्स भीड़ में गिर गया। पर्स में मोबाइल और नगदी समेत अन्य जरुरी कागजात भी थे। भीड़ के कारण महिला को पर्स गिरने का पता ही नहीं चला। कुछ देर बाद मंदिर गर्भग्रह में ड्यूटी पर उपस्थित महिला गार्ड रेखा कुण्डले को पर्स मिला तो उन्होंने मंदिर काउंटर पर सम्पर्क कर काउंटर पर उपस्थित मंदिर कर्मचारी गणेश बर्वे के हाथों महिला का पर्स उन्हें एनाउंस कराकर वापस किया। गुजरात प्रदेश की रहने वाली कंचन सोलंकी बुधवार को परिवार के साथ ओंकारेश्वर मंदिर दर्शन करने आई थी, इसी दौरान इनका पर्स गिर गया।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के रहटगांव थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने गुरुवार सुबह फांसी के फंदे पर झूलकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारकर पीएम के लिए भिजवाया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सिरकम्बा में रहने वाले सारिका राजपूत (40) अपने पति सुंदरलाल राजपूत और तीन बेटियों के साथ रहती थी। पति सुंदरलाल किसी किसान के यहां ट्रेक्टर चलाने का काम करता है। गुरुवार सुबह वह दूध देने गया हुआ था। जब वहां से घर वापस लौटा तो पत्नी सारिका फांसी के फंदे पर झूलती दिखाई दी। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। एसडीओपी टिमरनी आकांक्षा तलया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में किसी बात को लेकर पति और पत्नी के बीच बुधवार रात को विवाद होने की बात भी सामने आई है। मृतिका की बेटियों से बयान ले लिए गए हैं।गुरुवार दोपहर की टिमरनी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मृतिका के शव का पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं ग्रामीणों की माने तो मृतिका और गांव के ही किसी युवक से बातचीत होने की बात से पति पत्नी के बीच विवाद होने के चलते महिला ने यह कदम उठाया है। बहरहाल पुलिस जांच के बाद ही आत्महत्या के कारणों का पता लग पाएगा।

### जहरीली दवा के सेवन से युवक की मौत

**हरदा।** खमलाय में बुधवार रात 23 वर्षीय युवक की जहरीले पदार्थ का सेवन करने से मौत हो गई। गुरुवार सुबह मृतक के शव का जिला अस्पताल में पीएम कर परिजनों को सौंप दिया गया। बेटे की मौत की सूचना मिलने पर पिता की तबीयत बिगड़ गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम धनगांव में रहने वाला योगेश पिता रामनिवास विश्नोई खमलाय नौकरी करता था। बुधवार रात को उसने जहरीली दवाई पीली थी। गुरुवार सुबह जब वह कमरे से बाहर नहीं आया तो मालिक कमरे में पहुंचे, जहां वह बेसुध अवस्था में था। उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वह दो भाइयों में छोटा था। बेटे की मौत की जानकारी लगने पर पिता की तबीयत बिगड़ गई।पुलिस ने मर्ग कायम कर परिजनों के बयान लिए हैं।

### हवा का रुख बदला, पारा 2 डिग्री लुढ़क कर 8.6 डिग्री पर आया

**सीहोर।** एक दिन पहले जहां रात के तापमान में सीधे 4डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई थी, वहीं दूसरे ही दिनहवा का रुख उत्तर-पश्चिमी होने से फिर सेतापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार को तापमान 3 डिग्री लुढ़ककर सीधे 8.6 डिग्रीसेल्सियस पर आ गया। यही नहीं दिन केतापमान में भी 1.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावटदर्ज हुई है। मौसम विभाग का मानना है किअभी ठंड खत्म नहीं हुई है। अभी दिन और रातके तापमान में फिर से गिरावट होगी।इस बार जनवरी महीना आधा बीतने के बादही कड़ाके की ठंड शुरु हुई थी। हालांकि एकदिन पहले मंगलवार को तेज ठंड से राहत मिलीथी और पूर्वी हवा से तापमान में 11.5 डिग्रीतक पहुंच गया था। यही नहीं दिन में भीतापमान 28 डिग्री रिकार्ड किया गया था।लेकिन सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रातअचानक फिर हवा का रुख उत्तर-पश्चिमी हो गया।

# कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में खंडवा जिले के खालवा की बेटी ने लिया भाग

### बी.एससी तृतीय वर्ष की छात्रा है अंकित राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



श्री नीलकंठ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा के एएनओ लेफ्टिनेंट एस.एस. डावर व डॉ. शर्मिला मीणा ने बताया कि महाविद्यालय की एनसीसी की अंडर ऑफिसर अंकित राय ने गणतंत्र दिवस परेड में 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर एनसीसी की कंटिजेंट परेड में भाग लिया।

अंकित राय महाविद्यालय खण्डवा की बी.एससी. तृतीय वर्ष की छात्रा है एवं खालवा की निवासी है। भूतपूर्व एनसीसी अधिकारी डॉ. अर्चना मोरे ने बताया कि श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा के इतिहास में यह दूसरा अवसर है। जब महाविद्यालय की अंडर ऑफिसर अंकित राय ने कर्तव्य पथ पर एनसीसी की कंटिजेंट परेड में सहभागिता की। इनके इस कार्य की न केवल खालवा अपितु खण्डवा के साथ साथ मध्यप्रदेश का नाम भी गौरवान्वित किया। उनकी मां वन विभाग में वनरक्षक के पद पर कार्यरत है वह बेटी के इस मुकाम को हासिल करने से अत्यंत खुश है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी. दावरे ने महाविद्यालय की छात्रा के गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने पर हर्ष व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य की मंगलमयी शुभकामना की। 36 एमपी एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल संदीपन भट्टाचार्य ने अंकित राय की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त कैडेट ने अपनी मेहनत और लगन से सभी बाधाओ पर विजय प्राप्त की। अगर सभी कैडेट इसी प्रकार मेहनत करते रहे तो उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल है। अंडर ऑफिसर खुशी मोरे, निशांत आव्हाड, अंडर ऑफिसर प्राजंलि कुशवाह, ओम मंडलोई, रोहित सोनी, जैस्मिन शेख, अंजलि पटेल, सरोज कास्डे एवं समस्त कैडेट तथा महाविद्यालय के स्टॉफ ने अंकित राय की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# 557 हितग्राहियों को 5.77 करोड़ के स्वीकृति पत्र किए गए वितरित

**हरदा।** जिला प्रशासन द्वारा गुरूवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह, डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रभारी महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र हरदा सचिन रोमड़े ने बताया कि रोजगार दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं के तहत कुल 557 हितग्राहियों को 577.03 लाख का ऋण स्वीकृत एवं वितरित किये गये। रोमड़े ने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वरोजगार




योजना, पशुपालन विभाग की के.सी.सी. योजना, मत्स्य पालन विभाग की के.सी.सी. योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य स्वरोजगार योजना के हितग्राहियों को मंच से स्वीकृति पत्र प्रदान किये गये।

## गेहूं उपार्जन का पंजीयन कार्य 5 फरवरी से प्रारंभ होगा

**खंडवा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन का कार्य जिले में 5 फरवरी से 1 मार्च 2024 तक होगा। इस वर्ष जिले में 74 समिति स्तरीय पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए है जिस पर उपस्थित होकर कृषक बंधु पंजीयन करा सकते हैं। इसके अलावा पंजीयन केन्द्र पर भीड़ से बचने के लिए कृषक स्वयं के मोबाइल/कंप्यूटर, ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील सुविधा केन्द्र में से किसी भी विकल्प से निःशुल्क अथवा अधिकृत एमपी ऑनलाइन, सीएससी, लोक सेवा केन्द्र व निजी साइबर कैफे के माध्यम से 50 रूपये प्रति पंजीयन की दर से सशुल्क ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन एवं उपार्जन संबंधी समस्त विवादों का अंतिम निराकरण तथा उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी एवं उपार्जन अवधि में उपार्जन की प्रक्रिया की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सिकमी व वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन निर्धारित 74 समिति स्तरीय पंजीयन केन्द्र पर ही होगा। गेहूं पंजीयन गिरदावरी में दर्ज फसल व रकबे व भू अभिलेख में दर्ज किसान के नाम के आधार पर होगा, अतएव पंजीयन से पूर्व किसान भाई गिरदावरी की जानकारी एमपी किसान एप से मिलान कर लें, त्रुटि होने पर पंजीयन से पूर्व ही राजस्व विभाग से गिरदावरी में आवश्यक सुधार करा लें। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि सफल पंजीयन की जानकारी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी, जिसका प्रिंट भी निकाला जा सकता है। पंजीयन में इस वर्ष यह आवश्यक हैं कि कृषक का सही मोबाइल नंबर व बैंक खाते आधार कार्ड से लिंक रहे, यह कार्य सभी कृषक बंधु पंजीयन से पूर्व ही सुनिश्चित कर लें जिससे फसल उपार्जन व भुगतान के समय कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# यात्री बस के कमानी का पट्टा टूटा रोड से उतरकर पोल से टकराई

### इंदौर रोड पर गोपालपुरा के पास हादसा, यात्री सुरक्षित

**खरगोन।** जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर खरगोन-इंदौर रोड पर कसरावद के नजदीक गोपालपुरा में गुरुवार दोपहर 2:30 बजे यात्री बस एमपी 10 पी 1573 का कमानी पट्टा टूट गया।



बस रोड से नीचे उतरकर बिजली के खंभे से टकराते हुए रुकी। गनिमत रही कि सभी यात्री कुशल है। एक बुजुर्ग यात्री को मामूली चोट आई है। बस के रोड से नीचे उतरने पर बस में कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शी विजय यादव, प्रवीण यादव, अंतिम यादव ने बताया अग्रवाल बस सर्विस खरगोन से कसरावद की ओर जा रही थी। इसी दौरान गोपालपुरा के पास रोड से नीचे उतर गई और एक बिजली के पोल से टकराई। यात्रियों को दूसरे बस में शिफ्ट किया गया। राहगिर दौड़े और यात्रियों को बाहर निकाला। हादसे में किसी को चोट नहीं आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक यदि बिजली पोल से बस नहीं टकराती तो सडक़ के किनारे मकान में घुस सकती थी।

## उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

### घटना के विरोध में दिया ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**रहटगांव।** कुलहरदा में हुए प्रभु श्री राम की यात्रा के अपमान के विरोध में परशुराम सेना मध्य प्रदेश द्वारा असामाजिक तत्वों के ख़िलाफ़ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने हेतु रहटगांव तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। अगर शासन प्रशासन के द्वारा उक्त मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं की जाती है तो परशुराम सेना के द्वारा सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जायेगा। ज्ञापन के समय परशुराम सेना रहटगाँव अध्यक्ष कुशाग्र पाठक के साथ वरिष्ठ विप्रगणों में से रहटगाँव सर्व ब्राह्मण समाज पूर्व अध्यक्ष विजय शंकर पाठक, अजय भैया मिश्रा, श्रवण ह्रछुट्टूह्ल भैया जोशी, अमित भैया गीते, प्रतीक भैया पाठक, सिद्धार्थ पाठक, मनोहर तिवारी, गयाप्रसाद पांडे, भाऊ शर्मा, संजय तिवारी, मनोहर तिवारी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे। श्री परशुराम सेना और सर्व ब्राह्मण समाज, समाज हित में सदैव कार्यरत रहेगा।



## नारी शक्ति वंदन कार्यशाला हुई संपन्न

# 'प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से महिला स्वावलंबी हो रही हैं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल कुंज हरदा में महिला मोर्चा की कार्यशाला संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से महिला मोर्चा भी अपने कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के कई वर्गों में पहुंचकर पार्टी का जनाधार बढ़ाने हेतु कार्य कर रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को कमल कुंज कार्यालय में महिला मोर्चा की भाजपा राष्ट्रीय सचिव ज्योति धुर्वे पूर्व सांसद ने उपस्थित महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी समय की कार्य योजना पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अपने क्षेत्र में इंजीनियर एवं सहकारिता समूह के फेडरेशन के पदाधिकारियों के साथ चाय पे चर्चा, स्व सहायता समूह की महिलाओं का सम्मेलन, शक्ति सम्मान समारोह 11 से 25 फरवरी तक करना सुनिश्चित करें। साथ ही सभी मंडलों तक पहुंच कर विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए मंडल स्तरीय सम्मेलन भी करें।



इस कार्यशाला को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हरदा जिले में मातृशक्ति का संगठन लगातार अपने कार्यों के माध्यम से जनता के बीच पहुंचकर भाजपा की जीत सुनिश्चित करता आया है। केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से महिला सशक्ति एवं स्वावलंबी हो रही हैं। नगरीय निकाय में 50% का आरक्षण नारी शक्ति का एवं उसके सशक्तिकरण का जीवन्त उदाहरण है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह ,जिला महामंत्री देवी सिंह सांखला, महिला मोर्चा के प्रभारी नितेश बादर, सिराली मंडल की अनीता अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी योग माया शर्मा, प्रीति गहलोत ,पूजा शर्मा प्रीति बंसल ,अनीता मौर्य ,ममता राठौर माधवी गुप्ता ,रीना प्रजापति ,अंजना पाराशर ओमवती उइके ,जिला उपाध्यक्ष राजू कमेडिया ,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश गोदारा ,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विजय जेवल्या सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

### नर्सिंग ऑफिसर्स ने कहा हड़ताल का वेतन और वेतनवृद्धि न रोकें



**खरगोन।** नर्सिंग ऑफिसर एसोसिएशन संगठन की पदाधिकारी एवं अन्य ने कहा कि हड़ताल के दिनों का सात दिन का वेतन न काटने और एक साल की वेतन वृद्धि न रोकने की मांग की है। गुरुवार को संगठन ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष स्वाति वाडेकर ने बताया प्रांतीय नर्सिंग आफिसर एसोसिएशन के आह्वान पर लंबित दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के समस्त नर्सिंग ऑफिसर ने 3 से 16 जुलाई तक चरणबद्ध व काम बंद हड़ताल की गई थी। स्वास्थ्य मंत्री व चिकित्सा शिक्षा मंत्री के आश्वासन पर हड़ताल खत्म हुई। उसी दिन नर्सिंग कर्मचारी काम पर लौट आए थे। इस दौरान मंजू डेहरिया, श्रद्धा पाटीदार, सुनीता यादव, सबनम खान, बसंती खेड़े आनंद दसौंधी, स्वाति बालादास, शोभा गुप्ता आदि मौजूद रहे। नर्सिंग ऑफिसर कर्मचारियों का कहना है कि शासन प्रशासन के हड़ताल अवधि का वेतन आहरित नहीं किया गया व हड़ताली नर्सिंग ऑफिसर की एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश को लेकर रोष हैं। सीएम से गुजारिश की है वेतन काटने व वापस लेकर सौहार्द का माहौल बनाना चाहिए।